भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 177
जिसका उत्तर दिनांक 05 दिसम्बर, 2013 को दिया जाना है

एच.एन.एल. का कार्य-निष्पादन

177. श्री जोस के. मणि:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचएनएल) के पिछले एक वर्ष के दौरान वित्तीय कार्य-निष्पादन का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की केरल के कोट्टायम स्थित एचएनएल के विनिवेश हेतु कोई योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क) वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचएनएल) ने 103282 मीट्रिक टन उत्पादन किया, जो इसकी स्थापित क्षमता का 103.2% है। वर्ष 2012-13 के दौरान कुल बिक्री 323.58 करोड़ रुपये थी। कंपनी को 18.17 करोड़ रुपये की हानि हुई।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

*****